Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 29 ◻ अंक- 125 ◻ रायपुर, शुक्रवार 29 मई 2026 ◻ पृष्ठ-8 ◻ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

ब्रेकिंग न्यूज

नगर पालिका में हंगामाः भाजपा-कांग्रेस पार्षदों ने जड़ा ताला, अध्यक्ष के खिलाफ खोला मोर्चा

जांजगीर-चांपा, 29 मई (हाईवे चैनल)। अकलतरा नगर पालिका में एक बार फिर अध्यक्ष और पार्षदों के बीच विवाद की स्थिति बन गई है. पार्षदों ने आज सुबह नगर पालिका कार्यालय में ताला जड़कर निर्दलीय अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है. मुख्य गेट के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक, तीन दिन पहले सामान्य सभा की हुई बैठक में अध्यक्ष दीप्ती रोहित सारथी और पार्षदों के बीच बहसबाजी देखने को मिली थी. बताया जा रहा है कि तालाब गहरी करण और प्लेसमेन्ट कर्मचारियों के मामले में विवाद हुआ था. इस दौरान अध्यक्ष बैठक छोड़कर चली गई थी। सामान्य सभा की आज दोबारा बैठक बुलाई गई थी, जिससे आक्रोशित पार्षदों ने भीषण गर्मी के बीच दफ्तर में ताला जड़कर प्रदर्शन शुरू कर दिया है. इसमें भाजपा और कांग्रेस के पार्षद शामिल है. वहीं जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची है।

महाराष्ट्र में जहरीली शराब पीने से 15 लोगों की मौत, शराब विक्रेता गिरफ्तार

नई दिल्ली, 29 मई (न्यूज चैनल)। पुणे और आसपास के इलाकों में 24 घंटे के भीतर 15 लोगों की मौत के बाद प्रशासन ने मेथनॉल मिली जहरीली शराब के पहलू से मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिंपरी-चिंचवड के फुगेवाडी इलाके और पुणे के हडपसर में वीरवार को इन मौतों के संबंध में सूचनाएं मिलीं। आबकारी विभाग के अनुसार, इन इलाकों में देसी शराब की कथित तौर पर आपूर्ति करने वाले एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है और दापोडी थाने में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पिंपरी-चिंचवड पुलिस ने बताया कि वीरवार को फुगेवाडी इलाके में पांच लोगों की मौत हुई। पुलिस ने शुरू में कहा था कि पांच में से चार मौतें शराब से जुड़ी नहीं हैं, लेकिन अब सभी लोगों की मौत की जांच शुरू कर दी गई है। हडपसर थाने के एक अधिकारी ने बताया कि उनके क्षेत्र में तीन लोगों की मौत हुई बाकी अली-अलग इलाकों में कई और मौत के मामले सामने आए जिसमें मरने वालों की कुल संख्या 15 बताई जा रही है। उन्होंने कहा, इन लोगों ने पेट दर्द की शिकायत की थी।

बिरादरी की बात

चूहा- सुनती हो, कॉकरोज जनता पार्टी का एक्स एकाउन्ट तत्काल बहाल करने से दिल्ली हाईकोर्ट ने इंकार कर दिया।
चुहिया- हां जी, अभी लाल हिट ठिड़क दिया गया है।

भाटापारा हटरी बाजार में भीषण आग करोड़ों का माल जलकर हुआ खाक

बिल्डिंग गिरने से नगर सेना का जवान घायल, फायर ब्रिगेड ने आज सुबह पाया काबू

भाटापारा, 29 मई (हाईवे चैनल)। हटरी बाजार में बीती रात भीषण आग लगने से पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हादसे में करोड़ों रुपये का सामान जलकर राख हो गया।

बताया जा रहा है कि रात करीब तीन बजे बाजार की एक दुकान से धुआं और आग की लपटें उठती दिखाई दीं। देखते ही देखते आग ने आसपास की कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद सुबह करीब पांच बजे आग पर काबू पाया गया। भीषण आग के चलते बाजार की एक पुरानी इमारत भी ढह गई, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। हालांकि घटना में किसी जनहानि की सूचना नहीं है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। स्थानीय व्यापारियों ने बताया कि आग से लाखों नहीं बल्कि करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और विद्युत विभाग की टीम भी शॉर्ट सर्किट की संभावना को लेकर जांच कर रही है।

इस भीषण आग पर काबू पाने के लिए नगर सेना बलौदाबाजार, भाटापारा दमकल, अंबुजा सीमेंट रवान और अल्ट्राटेक सीमेंट हिरमी की फायर टीमों ने मिलकर मोर्चा संभाला. बचाव कार्य के दौरान, दुकान की पुरानी बिल्डिंग आग की तपिश न झेल पाने के कारण अचानक भरभराकर ढह गई. इस हादसे में आग बुझाने में जुटे बलौदाबाजार नगर सेना के जवान कृष्णा खुंटे गंभीर रूप से घायल हो गए, उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत रायपुर रेफर कर दिया गया है, जहां उनका इलाज जारी है. बताया जा रहा है कि उनके पैर में गंभीर चोट आई है।

आग इतनी भीषण थी कि रातभर कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड शुक्रवार सुबह आग पर काबू पा सकी. फिलहाल आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. वहीं व्यापारियों को हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है. बता दें कि बलौदा बाजार-भाटापारा जिले में दुकान में आग लगने की यह दूसरी बड़ी घटना है. इसके पहले बलौदा बाजार के दीपेल टेंडर्स में भीषण आग लगने की घटना सामने आई थी, जिसमें 70 टैंकर पानी और 250 लीटर फोम लगा था।

इबोला वायरस को लेकर छत्तीसगढ़ अलर्ट

रायपुर एयरपोर्ट पर यात्रियों की स्क्रीनिंग शुरू

रायपुर, 29 मई (हाईवे चैनल)। वैश्विक स्तर पर इबोला वायरस संक्रमण को लेकर बढ़ती चिंता के बीच छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य विभाग भी सतर्क हो गया है। एहतियाती कदम उठाते हुए राजधानी रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर यात्रियों की स्वास्थ्य जांच और स्क्रीनिंग शुरू कर दी गई है। एयरपोर्ट पर विशेष जांच काउंटर स्थापित किए गए हैं, जहां बाहरी राज्यों और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की ट्रैवल हिस्ट्री के साथ स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग ने एयरपोर्ट प्रशासन को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश जारी किए हैं। यात्रियों की थर्मल स्कैनिंग और स्वास्थ्य जांच अनिवार्य कर दी गई है। किसी यात्री में संदिग्ध लक्षण पाए जाने पर तत्काल आइसोलेशन और उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक नोडल अधिकारी की भी नियुक्ति की है। अफ्रीकी देशों, विशेषकर कांगो और युगांडा में इबोला संक्रमण के मामलों में वृद्धि के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वैश्विक स्तर पर चिंता व्यक्त की है। इसके बाद भारत सहित कई देशों ने अपनी निगरानी व्यवस्था मजबूत कर दी है।

हालांकि वर्तमान में भारत में इबोला वायरस संक्रमण का कोई मामला सामने नहीं आया है, लेकिन संभावित खतरे को देखते हुए केंद्र और राज्य सरकारें एहतियाती कदम उठा रही हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने हाल ही में स्पष्ट किया है कि देश में फिलहाल इबोला का कोई पुष्ट मामला नहीं है।

सुरक्षित फैसलों में देरी पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, सभी हाईकोर्ट को तीन महीने में निर्णय सुनाने का निर्देश

नई दिल्ली, 29 मई (न्यूज चैनल)। सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षित मामलों में फैसले सुनाने में होने वाली देरी पर कड़ा रुख अपनाते हुए देश के सभी हाईकोर्टों के लिए विस्तृत और बाध्यकारी दिशा-निर्देश जारी किए हैं। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि जिन मामलों में फैसला सुरक्षित रख लिया जाता है, उनमें यथासंभव तीन महीने के भीतर निर्णय सुनाया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ ने कहा कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामलों, विशेषकर नियमित जमानत और अग्रिम जमानत याचिकाओं में विशेष तत्परता बरती जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के अनुसार, जमानत याचिकाओं पर आदेश उसी दिन सुनाया और अपलोड किया जाना चाहिए। यदि फैसला सुरक्षित रखा जाता है तो उसे अगले दिन सुनाना अनिवार्य होगा। शीर्ष अदालत ने यह फैसला झारखंड हाईकोर्ट में लंबित कुछ आपराधिक अपीलों की सुनवाई के दौरान दिया। याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि उनकी अपीलों पर सुनवाई पूरी होने के बावजूद दो से तीन साल तक फैसला नहीं सुनाया गया, जिससे उनके मौलिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ।

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण को मिली नई गति

सीएम साय बोले- हजारों परिवारों के पक्के घर के सपने को मिलेगा नया संबल

रायपुर, 29 मई (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत छत्तीसगढ़ सहित 12 राज्यों को 10,021 करोड़ से अधिक की मदर सैंक्शन जारी किए जाने का स्वागत किया है और इसे गरीब कल्याण, सम्मानजनक जीवन और अंत्योदय के संकल्प को नई मजबूती देने वाला महत्वपूर्ण निर्णय बताया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'हर गरीब को पक्का घर' का संकल्प तेजी से धरातल पर साकार हो रहा है और यह निर्णय ग्रामीण गरीब परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला सिद्ध होगा। साय ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण केवल आवास निर्माण की योजना नहीं है, बल्कि यह गरीब परिवारों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास का नया आधार निर्मित करने वाली परिवर्तनकारी पहल है। पक्का घर किसी भी परिवार के लिए केवल एक छत नहीं, बल्कि सुरक्षित भविष्य, बेहतर जीवन और सामाजिक गरिमा का मजबूत आधार होता है।

छत्तीसगढ़ सहित 12 राज्यों को 10,021 करोड़ से अधिक की मदर सैंक्शन जारी

उन्होंने कहा कि इस वित्तीय सहायता से छत्तीसगढ़ के हजारों ग्रामीण परिवारों के 'पक्के घर के सपने' को नई गति मिलेगी और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जा सकेगा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार गांव, गरीब और वंचित परिवारों के जीवन में सम्मान, सुरक्षा और विश्वास का नया अध्याय लिखने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। हमारी डबल इंजन सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है कि प्रदेश का कोई भी पात्र परिवार आवास जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित न रहे तथा अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ पहुंचे।

दिल्ली हाईकोर्ट से कॉकरोच जनता पार्टी को झटका, एक्स अकाउंट तुरंत बहाल करने से इनकार

नई दिल्ली, 29 मई (न्यूज चैनल)। कॉकरोच जनता पार्टी के लिए कानूनी तौर पर एक बड़ा झटका देते हुए, दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को अभिजीत दिपके के नेतृत्व वाली कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के एक्स खाते को तत्काल बहाल करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया। अदालत ने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट की गई कुछ सामग्री को थोड़ा आपत्तिजनक पाया और संस्थापक दिपके की याचिका पर तत्काल राहत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि इस मामले पर समग्र विचार की आवश्यकता है और सरकार और एक्स प्लेटफॉर्म की बात सुनने के बाद ही कोई आदेश पारित किया जाएगा। न्यायमूर्ति पुरुषेन्द्र कुमार कौरव की अध्यक्षता वाली पीठ ने कथित तौर पर केंद्र के वकील को आश्वासन दिया कि अदालत कोई भी आदेश पारित करने से पहले सरकार की दलीलें सुनेगी।

पानी के विवाद में मर्डरः पार्षद ने साथियों संग मिलकर की युवक की हत्या

सबूत मिटाने रेत में गाड़ दिया शव

रायपुर, 29 मई (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर से लगे मंदिर हसौद में 22 मई से लापता भुवनेश्वर यादव की हत्या के मामले में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई की है। आरोप है कि पानी के विवाद और गाली-गलौज के बाद युवक की हत्या कर शव को महानदी किनारे रेत में दफना दिया गया। मामले में निर्दलीय पार्षद नोहर दास उर्फ गोलू रात्रे समेत चार लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ जारी है। जानकारी के मुताबिक, मृतक भुवनेश्वर यादव नकटी गांव का रहने वाला था और मोनेट कंपनी में ऑपरेटर के पद पर काम करता था। वह 22 मई से लापता था। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत भी दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस को कई अहम सुराग मिले, जिसके बाद मामला हत्या तक पहुंच गया।

घटना वाले दिन मंदिर हसौद शराब भट्ठी के पीछे भुवनेश्वर यादव और कुछ लोगों के बीच पानी को लेकर विवाद हुआ था। सभी लोग साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान मृतक और निर्दलीय पार्षद गोलू रात्रे के बीच गाली-गलौज हुई। आरोप है कि विवाद के बाद पार्षद अपने साथियों के साथ भुवनेश्वर को कार में बैठाकर महासमुंद जिले के महानदी किनारे ले गया, जहां उसके साथ मारपीट की गई। मारपीट के दौरान उसकी मौत हो गई। आरोपियों ने शव को रेत में दफनाकर सबूत मिटाने की कोशिश की। जांच में यह भी सामने आया है कि घटना की शाम भुवनेश्वर यादव ने अपनी पत्नी से फोन पर बात की थी। इस दौरान उसने पार्षद से भी पत्नी की बात करवाई थी। इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। बाद में पुलिस को मृतक का मोबाइल और अन्य सामान बरामद हुआ। फिलहाल मंदिर हसौद पुलिस ने निर्दलीय पार्षद गोलू रात्रे समेत चार लोगों को हिरासत में लिया है। सभी से अलग-अलग पूछताछ की जा रही है।

मंदिर हसौद थाना प्रभारी आशीष यादव ने बताया की 22 तारीख को भुवनेश्वर यादव की गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस टीम गुम इंसान की पता तलाश में जुटी हुई थी। देखिकल जाँच में भुवनेश्वर का आखरी लोकेशन आस पास के इलाके में बता रहा था, जिसके बाद जानकारी मिली की भुवनेश्वर गोलू रात्रे और उसके कुछ साथियों के साथ आखरी बार शराब का सेवन करने के लिए गया हुआ था और इसी के बाद से वो लापता था। शक के दायरे में आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ करने पर हत्या करना स्वीकार किया गया है। आरोपियों के निशानदेही पर नांदगांव घाट से भुवनेश्वर के शव को बरामद किया गया है। चूंकी घटना स्थल दूसरे जिले का सामने आ रहा है. इसलिए वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी देकर अग्रिम कार्रवाई महासमुंद पुलिस को सौंपी गई है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

नक्सलियों का हथियार कारखाना ध्वस्त

सुरक्षा बलों को मिली बड़ी कामयाबी

जंगल में छिपाकर रखे भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक और शस्त्र निर्माण सामग्री बरामद

नारायणपुर/गढ़चिरौल, 29 मई (हाईवे चैनल)। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली और छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले की पुलिस को माओवाद विरोधी अभियान में बड़ी सफलता हाथ लगी है। आत्मसमर्पण कर चुके माओवादियों से मिली गोपनीय सूचना के आधार पर चलाए गए संयुक्त अंतरराज्यीय अभियान में सुरक्षा बलों ने गढ़चिरौली-नारायणपुर सीमा के घने जंगलों में संचालित माओवादियों के हथियार निर्माण केंद्र का भंडाफोड़ करते हुए भारी मात्रा में हथियार, विस्फोटक और शस्त्र निर्माण सामग्री बरामद की है। अभियान के दौरान बरामद कई खतरनाक सामग्रियों को घटना स्थल पर ही नष्ट कर दिया गया। यह कार्रवाई ऑपरेशन अंतिम प्रहार के तहत की गई। अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने माओवादियों के

बड़े हथियार भंडार का पता लगाते हुए 01 इंसास रायफल, 02 सिंगल शॉट रायफल, 02 बारह बोर रायफल तथा 18 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार गढ़चिरौली जिले में माओवादी गतिविधियां अब लगभग समाप्ति की ओर हैं, लेकिन माओवादी संगठन सुरक्षा बलों पर हमले और घातपात की घटनाओं को अंजाम देने के लिए जंगल क्षेत्रों में गुप्त रूप से हथियार और विस्फोटक सामग्री तैयार कर जमीन में छिपाकर रखते थे। इनका उपयोग नक्सल सप्ताह, चुनाव और अन्य अवसरों पर सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए किया जाता था। जानकारी के मुताबिक आत्मसमर्पित माओवादियों से पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के काकूर थाना क्षेत्र से करीब सात किलोमीटर दूर महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा के जंगलों में हथियार और हथियार निर्माण सामग्री छिपाकर रखी गई है। सूचना मिलने के बाद 26 मई 2026 को गढ़चिरौली पुलिस अधीक्षक एम. रमेश के मार्गदर्शन में संयुक्त अभियान शुरू किया गया।

'बाबा के साथ अन्याय' पर भूपेश का पलटवार

कहा- बीजेपी की जबरदस्ती भ्रम फैलाने की कोशिश

रायपुर, 29 मई (हाईवे चैनल)। कर्नाटक कांग्रेस में पावर ट्रांसफर को लेकर छत्तीसगढ़ में राजनीतिक माहौल गरमाया हुआ है. बीजेपी ने पूर्व भूपेश सरकार में ढाई-ढाई वाले फॉर्मूले को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट करते हुए लिखा कि टीएस बाबा के साथ अन्याय हुआ है. इसपर पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने पलटवार करते हुए कहा कि यह बीजेपी की जबरदस्ती भ्रम फैलाने की कोशिश है। दरअसल, कांग्रेस हाईकमान के निर्णय के बाद सिंहदेव ने इस्तीफा दिया और अब डीके शिवकुमार सीएम बनेंगे. पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने बीजेपी को पोस्ट को लेकर कहा कि हाईकमान के किसी भी निर्णय पर कोई भी अनुशासित सिपाही सवाल नहीं उठाएगा. बीजेपी का काम ही नफरत फैलाना है. जिस दिन मैं मुख्यमंत्री बना उसी दिन से सवाल हो रहा था, कि आप ढाई साल में हटने वाले हैं. मेरा एक ही जवाब था, जिस दिन हाईकमान कहेगा उस दिन त्यागपत्र दे दूंगा. पांच साल बीत गए हाईकमान का मुझे ऐसा कोई निर्देश नहीं मिला. उन्होंने कहा कि हाईकमान का निर्णय करता है, किसको कहां जिम्मेदारी देनी है. वर्तमान में राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया है, तो वो काम कर रहा हूं. बीजेपी की जबरदस्ती भ्रम फैलाने की कोशिश है.

नीट एग्जाम में वायुसेना की मदद लेने का प्रस्ताव को लेकर पूर्व सीएम बघेल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि सेना का उपयोग देश की सुरक्षा के लिए है, परीक्षा कराने की नहीं है. भारत सरकार ने मान लिया है कि गृह मंत्रालय निकम्मा है. यहां की पुलिस पर उन्हें भरोसा नहीं है. समस्या मंत्रालय में है, लेकिन समाधान कहीं और ढूंढा जा रहा है. एनटीए के डायरेक्टर के चलते पेपर लिखा हुआ था, उसे प्रमुख सचिव बना कर रखे हैं। आज प्रदेश में स्थिति यह है कि जनता को न राशन मिल पा रहा है और न ही पीने का पानी, जबकि

बिजली कटौती को लेकर लोग अलग परेशान हैं. ऐसा कौन सा विभाग है, जो धरातल पर काम कर रहा है. उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि हमने पिछले 60 महीनों में 95 नए जनकल्याणकारी कार्यक्रम संचालित किए थे, लेकिन आज उन सभी जनहितैषी योजनाओं को बंद कर दिया गया है. भाजपा सरकार का काम पूरी तरह से माइनस में जाएगा।

रायपुर के मंदिर हसौद में एक युवक की हत्या मामले में पार्षद को गिरफ्तार किया गया है. बताया जा रहा है कि पानी को लेकर विवाद हत्या की गई. मामले पर दुख जताते हुए भूपेश बघेल ने इसे बेहद हृदय विदारक घटना बताया. उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस ने समाज में जो नफरत बोई है, अब देश-प्रदेश को वही काटना पड़ रहा है. आज पूरे प्रदेश में प्रशासनिक अराजकता का माहौल है. एक तरफ विधायक खुद नायब तहसीलदार की पिटाई कर रहे हैं और उल्टा तहसीलदार पर ही काउंटर एफआईआर दर्ज हो रही है. वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष के खिलाफ फर्जी केस बनाया जा रहा है. सरकार पूरी तरह से केवल अपनी स्वार्थपूर्ति में लगी हुई है. यहां तक कि हसदेव में 7 लाख पेड़ों को काटने की अनुमति मिल गई है, लेकिन पर्यावरण के इस विनाश पर मुख्यमंत्री के मुंह से एक शब्द भी नहीं निकल रहा है।